वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की 69 वीं आपात बैठक दिनांक 20 सितम्बर, 2007 को अपरान्ह 3.00 बजे ई.एम.पी.सी. भवन, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

अध्यक्ष

1. प्रो. नरेश दाधीच,
   कुलपति, व.म.खु.वि.वि., कोटा

सदस्य

2. प्रो. एस.सी. गर्ग,
   आचार्य,
   स्कुल ऑफ साइन्स,
   इन्दिरा गॉधी रा. मुक्त वि.वि., नई दिल्ली

सदस्य

3. डॉ. आर.वी. व्यास
   निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं
   व.म.खु.वि.वि., कोटा

सदस्य

4. प्रो. पी.के. शर्मा,
   आचार्य, प्रबन्ध,
   व.म.खु.वि.वि., कोटा

सदस्य

5. डॉ. (श्रीमती) सुषमा सिंघवी,
   निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र,
   क्षेत्रीय केन्द्र, व.म.खु.वि.वि., जयपुर

सचिव

6. श्री सॉवरमल वर्मा
   कुलसचिव,
   व.म.खु.वि.वि., कोटा

माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध मण्डल की 69 वीं आपात बैठक में उपस्थित नवनियुक्त सदस्य डॉ. (श्रीमती) सुषमा सिंघवी, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर सहित अन्य सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रबन्ध मण्डल की आपात बैठक दो बिन्दुओं पर बुलाये जाने का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि यह आपात बैठक विद्या परिषद् की 33 वीं आपत बैठक में पारित निर्णयों के अनुमोदन के लिए भी बुलाई गई है। इससे पूर्व माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि 33 वीं विद्या परिषद् की आपात बैठक में लिये

गये निर्णय के सम्बन्ध में चतुर्थ दीक्षान्त समारोह को माह जनवरी / फरवरी, 2008 में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रबन्ध मण्डल की इस बैठक में दो प्रस्ताव रखे गये :-

1. प्रस्ताव संख्या 1 में चतुर्थ दीक्षान्त समारोह का आयोजन करने तथा इसमें मुख्य अतिथि के लिए महामहिम राष्ट्रपति महोदया को आमंत्रित करने का प्रस्ताव था।
2. प्रस्ताव संख्या दो में शिक्षकों के चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं के स्पष्टीकरण का प्रस्ताव था।

प्रस्ताव संख्या 69/1पर चर्चा करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि विद्या परिषद की 33वीं आपात बैठक में विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षॉत समारोह माह जनवरी/फरवरी 2008 में अथवा मुख्य अतिथि द्वारा दी गई तिथि पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के लिए महामहिम राष्ट्रपति महोदया को आमंत्रित किये जाने का अनुमोदन भी किया गया है। अन्य अतिथियों में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल महोदय एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय को आमंत्रित किये जाने का भी निर्णय किय गय है।माननीय कुलपति महोदय ने यह भी अवगत करवाया कि दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय अधिनियम के स्टेच्युट्स 22 के तहत मानद उपाधि दिये जाने के संबंध में विद्या परिषद की 30वीं बैठक के निर्णय संख्या 30/4-8 द्वारा प्रो0 वी0आर0मेहता को डी0लिट0की मानद उपाधि दिये जाने का प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन किया गया था। उक्त प्रस्ताव को ही विद्या परिषद की 33वीं आपात बैठक में पुनः पुष्टि कर दी गई है।इसी तरह चतुर्थ दीक्षांत समारोह में जून-2006 से जून-2007 तक संत्रात परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थीयों को डिप्लोमा/उपाधि दिये जाने व तृतीय दीक्षांत समारोह के पश्चात परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों को भी उपाधि दिये जाने के साथ साथ स्वर्ण पदक के संबंध में पूर्व में पारित निर्देशों/नियमों के तहत ही स्वर्ण पदक दिये जाने के संबंध में पारित निर्णय का अनुमोदन किया गया है।

प्रबंध मण्डल की बैठक में विद्या परिशद द्वारा पारित उक्त प्रस्ताव पर गहनता से विचार विमर्श करने के बाद चतुर्थ दीक्षांत समारेह के संबंध में लिये गये निर्णयों का अनुमादन करते हुए यह भी निर्णय किया गया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को आंत्रित करने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल राजस्थान सरकार से सहमति प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाता है।

डी.लिट. की मानद उपाधि प्रो0 वी0आर0 मेहता को दिये जाने के संबंध में पूर्व में लिए गये निर्णय की पुनः पुष्टि की गई।

दूसरे प्रस्ताव में माननीय कुलपति महोदय ने माननीय सदस्यों को यह अवगत कराया कि उक्त बिन्दु को प्रबन्ध मण्डल में रखे जाने का कारण यह है कि शिक्षक संवर्गो में सीधी भर्ती किये जाने की स्वीकृति राज्य सरकार से वित्तीय वर्ष 2007-2008 के लिए प्राप्त हुई है तथा उक्त स्वीकृति की अवधि 31 मार्च, 2008 तक है। शैक्षणिक योग्यताओं के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा सुझाये गये पत्र कमांक एफ-3(2)Edu/4/99 दिनांक 11-3-2002 में वर्णित गुड ऐकेडमिक रिकार्ड में पहले से कार्यरत शिक्षकों के सम्बन्ध में स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के कारण उक्त प्रावधान किये जाने के सम्बन्ध में विद्या परिषद् की 33 वी आपात बैठक में एक स्पष्टीकरण पेश किया गया जिसका अनुमोदन विद्या परिषद् द्वारा कर दिये जाने के कारण उक्त प्रस्ताव पर प्रबन्ध मण्डल की बैठक में चर्चा की जा रही है। इस पर हुई विस्तृत चर्चा में हमारे विश्वविद्यालय में दूरस्थ शिक्षा सम्बन्धी विशिष्टता, कई विषयों में योग्यता एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा आवेदन नहीं करने इत्यादि कठिनाई को देखते हुए राज्य सरकार / विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों / मानद विश्वविद्यालयों / विश्वविद्यालयों से सम्बन्धित कॉलेजों में सेवारत शिक्षकों के लिए गुड ऐकेडमिक रिकार्ड की परिभाषा स्वीकार की जावेगी। चर्चा के पश्चात् गुड एकेडमिक रिकार्ड के अनुसार निम्नानुसार स्पष्टीकरण जोड़े जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया :-

"For Direct Recruitment of Assistant Professor/Associate Professor in Vardhaman Mahaveer Open University, Kota the Lecturer/Assistant Professor/Associate Professor already in service in State Government/Universities//Deemed Universities/Affiliated Colleges of the University, the norms of Good Academic Records shall be admissible prior than 67th Board of Management meeting Resolution".

प्रबन्ध मण्डल के उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि चूँकि शिक्षकों की भर्ती सम्बन्धी योग्यता का निर्णय कुलपति समन्वय समिति में कुलाधिपति की अध्यक्षता में लिया गया था इसलिए कुलाधिपति के अनुमोदन के लिए इसे भेजा जाये तथा प्रति प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार को भिजवाई जावें।

बैठक आसन को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

कुलसचिव
एवं
सचिव, प्रबन्ध मण्डल

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

प्रबन्ध मण्डल की 70 वीं बैठक दिनांक 15/11/2007 का कार्यवाही विवरण

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की 70 वीं बैठक दिनांक 15/11/2007 ई.एम.पी.सी. भवन वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा पर माननीय कुलपति महोदय प्रो0 नरेश दाधीच की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो. नरेश दाधीच, कुलपति, व.म.खु.वि.वि., कोटा — अध्यक्ष
2. श्री अतुल कुमार गर्ग, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर — सदस्य
3. प्रो0 अतुल शर्मा 80, डी.डी.ए., एस.एफ.एस. प्लेट्स सेक्टर 5– नई दिल्ली — सदस्य
4. प्रो. मालाश्री लाल, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, साउथ केम्पस दिल्ली वि.वि. दिल्ली। — सदस्य
5. प्रो0 एस. सी. गर्ग, प्रोफेसर, इ.गॉ.रा.मु.वि., नई दिल्ली — सदस्य
6. प्रो0 पी.के. शर्मा प्रोफेसर–प्रबन्ध, व.म.खु.वि., कोटा — सदस्य
7. डॉ0 सुषमा सिंघवी निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, व.म.खु.वि., जयपुर — सदस्य
8. कुलसचिव व.म.खु.वि., कोटा — सचिव

प्रमुख शासन सचिव महोदय, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर एवं डॉ0 आर.वी. व्यास, निदेशक क्षेत्रीय सेवाऐं, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा की सहभागिता अपरिहार्य कारणों से संभव नहीं हो सकी।

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने प्रबन्ध मण्डल में महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से मनोनीत सदस्य प्रो0 अतुल शर्मा एवं प्रो0 मालाश्री लाल का स्वागत करते हुए प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों से परिचय करवाया साथ ही महामहिम राज्यपाल की ओर से मनोनीत पूर्व सदस्य डॉ0 डी.सी. पंत एवं प्रो0 टी.यू. फुलझेले द्वारा दो वर्ष के कार्यकाल में

A

विश्वविद्यालय को दिये गये योगदान की सराहना करते हुए दोनों सदस्यों का विश्वविद्यालय की ओर से साधुवाद किया। तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय की ओर से प्रबन्ध मण्डल में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार–विमर्श प्रारम्भ करने के संबंध में कुलसचिव को दिये गये निर्देशों के कम में एजेण्डा के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा पर निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

बिन्दु संख्या 70/01

प्रबंध मंडल की 67वीं, 68वीं (आपात) एवं 69वीं (आपात) बैठक के कार्यवाही विवरणों का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल के ऐजेण्डा में संलग्न की गई प्रबन्ध मण्डल की 67 वीं, 68वीं (आपात) एवं 69वीं (आपात) बैठकों के कार्यवाही विवरणों का अवलोकन कर 69 वीं आपात बैठक में Good Academic record के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण जोड़े जाने के बारे में लिये गये निम्न प्रस्ताव कि – "For direct recruitment of Assistant Professor/Associate Professor in Vardhaman Mahaveer Open University, Kota the lecturer/Assistant Professor/Associate Professor already in service in State Government/Universities/Deemed Universities/affiliated Colleges of University, the norms of Good Academic Record shall be admissible prior then 67th Board of Management meeting resoluation." Prior then 67th Board के स्थान पर As Prior to 67th Board सम्बन्धी संशोधन के साथ शेष कार्यवाही विवरणों का अनुमोदन किया गया।

बिन्दु संख्या: 70/2

प्रबंध मंडल की 67वीं, 68वीं (आपात) एवं 69वीं (आपात) बैठक में लिये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये अनुपालना प्रतिवेदन अनुमोदनार्थ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध मण्डल की बैठक की सूचना के साथ प्रेषित किये गये निर्णयों के सम्बन्ध में की गई अनुपालना प्रतिवेदन का अवलोकन कर की गई कार्यवाही पर संतोष जताते हुए अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।

बिन्दु संख्या: 70/03

डा0 टी0यु0 फूलझेले एवं डा0 डी0सी0 पंत की प्रबंध मंडल की सदस्यता अवधि पूर्ण हो जाने के कारण उनके स्थान पर आयोजना मंडल एवं वित्त समिति में प्रबंध मंडल के सदस्यों में से एक सदस्य को मनोनीत किये जाने का प्रस्ताव।

उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में प्रबन्ध मण्डल ने माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 8.4 के तहत वित्त समिति में प्रबन्ध मण्डल के सदस्य के रूप में प्रो. अतुल शर्मा को सदस्य मनोनीत किये जाने के सम्बन्ध में जारी किये गये कार्यालय आदेश कमांक 1306 दिनांक 29–10–2007 का अवलोकन कर अनुमोदन करते हुए विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 9.1 के तहत प्रबन्ध मण्डल की ओर से योजना मण्डल में सदस्य को मनोनयन किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

बिन्दु संख्याः 70/04

श्री मान प्रकाश शर्मा, कार्यालय सहायक को दी गई शास्ति पर पुनर्विचार के कम में प्रबंध मंडल की 67 वीं बैठक के निर्णय संख्या 67/09–5 की अनुपालना में माननीय कुलपति महोदय के निर्णय के कम में जारी आदेश कमॉक 1148 दि0 25/06/07 अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ।

श्री मान प्रकाश शर्मा, कार्यालय सहायक को दी गई शास्ति पर पुनर्विचार के कम में प्रबंध मंडल की 67 वीं बैठक के निर्णय संख्या 67/09–5 की अनुपालना में माननीय कुलपति महोदय द्वारा लिये गये निर्णय के कम में जारी कार्यालय आदेश कमॉक 1148 दिनांक 25/06/07 का अवलोकन कर प्रबन्ध मण्डल द्वारा उक्त निर्णय नोट किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/05

बी0एड0 पाठ्यकम की जुलाई–93 की परीक्षा के अंकों की पुनर्गणना में हुई हेराफेरी के कम में प्रबंध मंडल की 34 वीं बैठक के निर्णय के कम में अन्य कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्णयार्थ प्रस्ताव।

बी0एड0 पाठ्यकम की जुलाई–93 की परीक्षा के अंकों की पुनर्गणना में हुई हेराफेरी के कम में प्रबंध मंडल की 34 वीं बैठक के कम में अन्य कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा नियन्त्रक से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होने के कारण उक्त प्रस्ताव को आगामी बैठक के लिए स्थगित किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/06

प्रतिनियुक्ति पर स्वीकृत सहायक लेखाधिकारी के पदों पर लेखाकारों को पदोन्नत किये जाने के कारण महालेखाकार जांच दल द्वारा लगाये गये आक्षेप के कम में प्रकरण निर्णयार्थ।

प्रतिनियुक्ति पर स्वीकृत सहायक लेखाधिकारी के पदों पर लेखाकारों को पदोन्नत किये जाने के कारण महालेखाकार जांच दल द्वारा लगाये गये आक्षेप के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर माननीय कुलपति महोदय ने उक्त प्रस्ताव को स्थगित किये जाने हेतु कहा जिस पर उक्त प्रस्ताव को प्रबन्ध मण्डल की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/07

श्रीमति नीलम सिंह स्टेनोग्राफर को शास्ति के निर्धारण के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रबंध मंडल की 67 वीं बैठक में उक्त संदर्भ में निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया थाः–67/06 श्रीमती नीलम सिंह स्टेनाग्राफर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत शास्ति का प्रस्ताव।

उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में प्रबन्ध मण्डल द्वारा गहनता से विचार विमर्श करने के बाद निर्णय किया गया कि कार्यालय में स्वैच्छिक अनुपस्थित रहने के कारणों की जानकारी की जावे तत्श्चात् स्वैच्छिक अनुपस्थित रहने के कारणों के सम्बन्ध में विधिक राय प्राप्त कर प्रकरण पुनः निर्णय हेतु आगामी बैठक में रखा जावे।

बिन्दु संख्याः 70/08

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, वाहन चालकों, बागवान एवं कुक आदि को दिये गये धुलाई भत्ते एवं वर्दी भत्ते के कम में जारी आदेश अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, वाहन चालकों,बागवान एवं कुक आदि को दिये गये धुलाई भत्ते एवं वर्दी भत्ते के कम में माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार जारी आदेश कमॉक 687 एवं 688 दिनांक 18–9–2007 का अवलोकन कर प्रबन्ध मण्डल ने जारी किये गये आदेशों अनुमोदन किया।

बिन्दु संख्या 70/09

आचार्य, इण्डियन ट्रेडिशन एण्ड कल्चर के पद को आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन में परिवर्तित करने के संबंध में जारी आदेश अनुमोदनार्थ।

आचार्य, इण्डियन ट्रेडिशन एण्ड कल्चर के पद को आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन में परिवर्तित करने संबंधी माननीय कुलपति महोदय द्वारा लिये गये निर्णय के कम में जारी आदेश कमांक 1343 दिनांक 11/07/07 के संबंध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध मण्डल को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन के पद का विज्ञापन जारी किया गया था जिसके कम में 05 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदन–पत्रों की संवीक्षा किये जाने के बाद चयन समिति की बैठक दिनांक 14/11/2007 में उक्त पद के लिए साक्षात्कार हेतु बुलाये गये तीन अभ्यर्थियों में एक अभ्यर्थी को आचार्य के स्थान पर सह–आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन विषय में नियुक्त करने की चयन समिति द्वारा अभिशंषा की गई है। माननीय कुलपति महोदय ने अवगत कराया कि सामान्य स्थिति में चयन समिति जिस पद के चयन के लिए गठित की गई है उसी पर अपनी अभिशंषा देती है लेकिन गॉधी एवं शान्ति अध्ययन का नया विषय होने के कारण चयन समिति ने सर्वसम्मति से एक अभ्यर्थी को सह–आचार्य पद पर नियुक्त करने की अभिशंषा की। इसके अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु सर्वप्रथम राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये 8 पदों में से सह आचार्य, मास कम्यूनिकेशन के एक पद को सह आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन के विषय में परिवर्तित किये जाने के संबंध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया जिस पर प्रमुख शासन सचिव महोदय, उच्च शिक्षा ने अवगत कराया कि चूँकि राज्य सरकार से विषयवार स्वीकृति वित्त विभाग की सहमति के आधार पर जारी की गई है अतः विषय परिवर्तन किये जाने संबंधी आदेश को राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद लागू किया जाना उचित होगा। इस पर यह निर्णय लिया गया कि विषय परिवर्तन संबंधी आदेश जारी कर स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भिजवा दिये जावें। चूँकि सह आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन के पद को विज्ञापित नहीं किया गया था, ऐसे में बिना विज्ञापन इस पद पर नियुक्ति की जा सकती है या नहीं, इस पर भी सरकार से मार्गदर्शन लिये जाने का फैसला किया गया।

प्रमुख शासन सचिव ने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा आचार्य, इण्डियन ट्रेडिशन एण्ड कल्चर के पद को आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन में परिवर्तित किये जाने का जो आदेश जारी किया गया है इसके संबंध में भी वित्त विभाग की सहमति के आधार पर राज्य सरकार द्वारा अनुमति दी जा सकती है। इस पर प्रबन्ध मण्डल द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आचार्य, इण्डियन ट्रेडिशन एण्ड कल्चर के पद को आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन में परिवर्तित किये जाने संबंधी आदेश एवं सह आचार्य, मास कम्यूनिकेशन के पद को सह आचार्य, गॉधी एवं शान्ति अध्ययन के विषय में परिवर्तित किये जाने की स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त की जावें। तथा राज्य सरकार से स्वीकृति/निर्देश प्राप्त होने तक चयन समिति की अभिशंषा पर निर्णय स्थगित रखा जावें।

बिन्दु संख्याः 70/10

वर्ष 2007–08 की आयोजना भिन्न की बी0 एफ0 सी0 में काटे गये पदों (उपकुलसचिव 01, सहायक कुलसचिव01, अनुभागाधिकारी 02 कनि0लिपिक 03) को समाप्त किये जाने बाबत् जारी कार्यालय आदेश कमॉक 1335 दि0 10.07.07 एवंइसके बाद राज्य सरकार के पत्र कमॉक एफ.8(8)शि–4/2006 दि0 14.09.07 के माध्यम से उपकुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव के एक एक पद पुनः बहाल किये जाने के कम में जारी आदेश कमॉक 2612 दि0 10.10.07 संलग्न परिशिष्ट पर अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

वर्ष 2007–08 की आयोजना भिन्न की बी0 एफ0 सी0 में काटे गये पदों (उपकुलसचिव 01, सहायक कुलसचिव01, अनुभागाधिकारी 02 कनि0लिपिक 03) को समाप्त किये जाने बाबत् जारी कार्यालय आदेश कमॉक 1335 दि0 10.07.07 एवं इसके बाद राज्य सरकार के पत्र कमॉक एफ.8(8)शि–4/2006 दि0 14.09.07 के माध्यम से उपकुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव के एक एक पद पुनः बहाल किये जाने के कम में जारी आदेश कमॉक 2612 दि0 10.10.07 के कम में राज्य सरकार से हाल ही में प्राप्त आदेशों के कम में उक्त प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/11

विश्वविद्यालय के पैनल एडवोकेट्स में तीन नये एडवोकेट्स के नाम जोड़े जाने के माननीय कुलपति महोदय के निर्णय के कम में जारी आदेश अनुमोदनार्थ।

विश्वविद्यालय के पैनल एडवोकेट में नवीन एडवोकेट्स के नाम जोड़े जाने के कम में माननीय कुलपति महोदय की आज्ञा से श्री मनोज कुमार शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर सुश्री आशिष जोशी, राजस्थान उच्च न्यायालय,जयपुर श्रीमति सरिता त्यागी, स्थानीय न्यायालय, कोटा को पैरवी हेतु नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/12

विद्या परिषद की 32वीं बैठक दिनॉक 09 जुलाई 2007 (33वीं आपात बैठक दिनॉक 20/09/07 के कार्यवाही विवरण को प्रबंध मंडल की 69वीं आपात बैठक दिनॉक 20 सितंबर 2007 द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।) एवं वित्त समिति तथा आयोजना मंडल की आगामी प्रस्तावित बैठकों के कार्यवाही विवरणों का अनुमोदन।

विद्या परिषद की 32वीं बैठक दिनॉक 09 जुलाई 2007 (33वीं आपात बैठक दिनॉक 20.09.07 के कार्यवाही विवरण को प्रबंध मंडल की 69वीं आपात बैठक दिनॉक 20 सितंबर 2007 द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।) एवं 37 वी वित्त समिति दिनांक 13–11–2007 आयोजना मंडल की 9 वीं बैठक दिनांक 13–11–2007 जो क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर पर आयोजित की गई थी के कार्यवाही विवरणों का अवलोकन कर प्रबन्ध मण्डल द्वारा उक्त बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/13

विश्वविद्यालय अधिनियम में उल्लेखित विद्या पीठ व्यवस्था को एक वर्ष के लिए स्थगित कर निदेशक संकाय व्यवस्था कायम करने के प्रबंध मंडल की 66 वीं बैठक दिनॉक 8.12.06 के निर्णय के कम में पुनः विचार विमर्श।

विश्वविद्यालय अधिनियम में उल्लेखित विद्या पीठ व्यवस्था को एक वर्ष के लिए स्थगित कर निदेशक संकाय व्यवस्था कायम करने के प्रबंध मंडल की 66 वीं बैठक दिनॉक 8.12.06 निर्णय के कम में जारी कार्यालय आदेश कमॉक 3694 दिनॉक 14.12.06 के कम में विद्यापीठ सम्बन्धी व्यवस्था को पुनः एक वर्ष के लिए स्थगित करने का निर्णय किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/14

अन्य बिंदु आसन की अनुमति से।

बिन्दु संख्याः 70/14(1)

निदेशक क्षेत्रीय सेवाऐं कार्यालय में संयुक्त निदेशक / उप निदेशक (निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र के समकक्ष) का पद सृजन किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव ।

माननीय कुलपति महोदय ने प्रबन्ध मण्डल को अवगत कराया कि निदेशक क्षेत्रीय सेवाऐ कार्यालय से प्राप्त निदेशक / उप निदेशक / संयुक्त निदेशक के पद का सृजन किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव डॉ. आर.वी. व्यास, निदेशक क्षेत्रीय सेवायें विश्वविद्यालय से दिनांक 31 दिसम्बर, 2007 को सेवानिवृत हो रहे है। तथा डॉ. आर.वी. व्यास, निदेशक, क्षेत्रीय सेवाये ने क्षेत्रीय विभाग के कार्य के व्यवस्थित संचालन हेतु एक संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र के समकक्ष) के पद का सृजन किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। चूँकि डॉ. व्यास की सेवा निवृति के बाद क्षेत्रीय सेवाऐ कार्यालय में क्षेत्रीय केन्द्रों के पर्यवेक्षक हेतु अधिकारी की उपलब्धता नहीं रहेगी तथा क्षेत्रीय सेवाये विभाग के कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक विस्तार हो जाने के कारण संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र के समकक्ष) के पद का सृजन आवश्यक हो गया है अतः क्षेत्रीय सेवाये विभाग में संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र के समकक्ष) के पद के सृजन हेतु प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।

उक्त प्रस्ताव पर गहनता से विचार कर प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा इस सम्बन्ध में पद सृजन सम्बन्धी कार्यवाही किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बिन्दु संख्याः 70/14.(2)

निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र की योग्यताऐं अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ ।

माननीय कुलपति महोदय ने निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र की योग्यताओं के सम्बन्ध में निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत कियेः–

प्रबन्ध मण्डल की 7 वीं बैठक दिनांक 14–10–88 के मद संख्या 21 द्वारा निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र पर नियुक्ति के लिए निम्नानुसार योग्यताओं के निर्धारण का निर्णय पारित किया गया था :–

"Resolved that the qualifications approved for the post of Associate Professor by the UGC be approved and atleast 3 years administrative or managerial experience in educational institutions be made desirable in addition to the qualification prescribed for Associate Professor."

एसोसिएट प्रोफेसर की योग्यताओं में उल्लेखित "Good Academic Record" को उच्च शिक्षा विभाग, राज0 सरकार, जयपुर के पत्र कमॉकः 11/3/2002 के द्वारा माध्यमिक से स्नातक तक की परीक्षाओं में द्वितीय श्रेणी में 55 प्रतिशत अंकों सहित परिभाषित किया है। प्रबन्ध मण्डल की 67वीं बैठक दिनांक 24 अप्रेल, 2007 में विश्वविद्यालय शिक्षकों की योग्यताएं अनुमोदित की गई है।

माननीय कुलपति महोदय ने "Good Academic Record" के सम्बन्ध में पूर्व निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित किये गये स्पष्टीकरण को अपनाते हुए निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र की पद की योग्यताऐं विज्ञानित संख्या 4/2007 दिनांक 24–10–2007 के द्वारा निम्नानुसार विज्ञापित की है :–

Essential Qualification

Good academic record with a doctoral degree or equivalent published work. Candidates from outside the university system, in addition shall also possess at least 55% of the marks or an equivalent grade at the Master's level.

Eight years of experience of teaching and/or research including upto three years for research degrees and has made some mark in the areas of scholarship as evidenced by quality of publication, contribution to educational innovation design of new courses and curricula.

Desirable Qualification

Atleast three years Administrative or Managerial experience in Educational Institutions.

EXPLANATIONS:

For determining 'Good Academic Record' the following criteria shall be adopted:-

1- A candidate holding Ph.D. Degree and shall possess atleast second class Master's degree;

OR

2- A candidate without Ph.D. Degree should possess high second class Master's degree and second class in the Bachelor degree;

OR

3- A candidate not possessing Ph.D. degree but possessing second class Master's degree should have obtained first class in the Bachelor;s degree.

Persons having secured marks more than the Mid-point the prescribed minimum marks of passing an examination in the second division and the prescribed minimum marks for passing an examination in the first division by a university shall be deemed to have passed that examination in the high second class.

उक्त प्रस्ताव का अवलोकन कर प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये विज्ञापन संख्या 4/07 दिनांक 24–10–2007 में वर्णित निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र की योग्यताओं का अनुमोदन किया।

बैठक आसन को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

कुलसचिव
एवं सचिव,प्रबंध मंडल
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

71st Meeting of B.O.M.

परिशिष्ट – 2

कार्यवाही विवरण

प्रबंध मंडल की विशेष बैठक दिनांक 14 मई 2008 को प्रातः 11.30 बजे माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय में आयोजित की गई बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:–

1.	प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	अध्यक्ष
2.	प्रो0 एस0सी0गर्ग स्कुल आफ सांइस इंदिरा गांधी रा0मु0वि0वि0 नई दिल्ली।	सदस्य
3.	प्रो0 पी0के0शर्मा आचार्य, ~~एवं निदेशक संकाय~~ वमखुविवि,कोटा।	सदस्य
4.	प्रो0 अनाम जेटली आचार्य,वमखुविवि,कोटा।	सदस्य
5.	डा0 श्रीमती सुषमा सिंघवी निदेशक, क्षे0के0वमखुविवि,जयपुर।	सदस्य
6	श्री कुलदीप सिंघल कुलसचिव वमखुविवि,कोटा।	सचिव

प्रमुख शासन सचिव वित्त, प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग, प्रो0 अतुल शर्मा एवं प्रो0 श्रीमति मालाश्री लाल की बैठक में सहभागिता संभव नहीं हो सकी, आवश्यक गणापूर्ति के बाद माननीय कुलपति महोदय द्वारा बैठक प्रारंभ करते हुए प्रबंध मंडल के सदस्यों को बताया कि विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह कल दिनांक 15 मई 2008 को मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है, भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति महोदय उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे है तथा राजस्थान के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो0 वी0आर0 मेहता को डी. लिट. की मानद उपाधि भी प्रदान की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा समारोह की समस्त तैयारिया लगभग पूर्ण कर ली गई है। माननीय कुलपति महोदय की उक्त जानकारी के बाद बैठक हेतु प्रस्तुत एक मात्र प्रस्ताव पर चर्चा प्रारंभ कर निम्नानुसार निर्णय किया गया :–

71/01 विद्या परिषद की 34वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

बैठक के दौरान प्रस्तुत किये गये विद्या परिषद की 34 वीं बैठक दिनांक 22 अप्रेल 2008 के कार्यवाही विवरण एवं उसके साथ संलग्न दीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन कर विद्या परिषद की बैठक का संपूर्ण कार्यवाही विवरण व दीक्षा कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया।

तत्पश्चात् जयपुर में आतंकवादियों द्वारा कल दिनांक 13 मई 2008 को किये गये बम ब्लास्ट में मृतको को श्रृधाजली अर्पित करने के साथ बैठक समाप्त घोषित की गई।

REGISTRAR
Vardhaman Mahaveer Open University
KOTA

कुलसचिव
एवं सचिव
प्रबंध मंडल

संशोधित

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

प्रबंध मंडल की 72 वीं बैठक दिनांक 14 जून 2008 का कार्यवाही विवरण

प्रबंध मंडल की 72वीं बैठक आज दिनांक 14.06.08 को क्षेत्रीय केन्द्र वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय जयपुर पर आयोजित की गई,बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गयाः—

1.	प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	अध्यक्ष
2.	श्री अतुल कुमार गर्ग प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग,राज0सरकार जयपुर।	सदस्य
3.	प्रो0 एस0सी0गर्ग स्कूल आफ साइंस इंदिरा गांधी रा0मुक्त वि0वि0 नई दिल्लीं।	सदस्य
4.	प्रो0 पी0के0शर्मा आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा।	सदस्य
5.	डा0 श्रीमति सुषमा सिंघवी निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र वर्धमान महावीर खुला वि0वि0,जपुर।	सदस्य
6.	श्री0के0के0सिंघल कुलसचिव वर्धमान महावीर खुला वि0वि0,कोटा।	सचिव

प्रमुख शासन सचिव वित्त विभाग, प्रो0 अतुल शर्मा एवं प्रो0 मालाश्री लाल की बैठक में सहभागिता संभव नहीं हो सकी। आवश्यक गणापूर्ति के पश्चात् बैठक प्रारंभ करते हुए माननीय कुलपति महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए सदस्यगणों को चतुर्थ दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन की जानकारी दी तथा समस्त सदस्यों को दीक्षांत

समारोह के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिये धन्यवाद प्रदान करने के बाद कार्यसूची विवरण पर बिंदुवार चर्चा प्रारंभ कर निम्नानुसार निर्णय किये गये:–

72/01 प्रबंध मंडल की 70वीं एवं 71वीं बैठक(विशेष) के कार्यवाही विवरण एवं 70वीं बैठक के संलग्न अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल द्वारा कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न दोनों कार्यवाही विवरणों एवं अवलोकन करने के बाद 70 वीं बैठक के निर्णय संख्या 70/09 के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्ति एवं उसके निस्तारण की जानकारी से प्रबंध मंडल को अवगत करवाने के बाद प्रबंध मंडल ने निर्णय किया कि आचार्य गांधी एवं शांति अध्ययन के पद हेतु आयोजित चयन समिति की अनुशंसा के क्रम में कोई कार्यवाही नहीं की जावे। तथा यह भी निर्णय लिया गया कि सह आचार्य , राजनीति विज्ञान के पद के लिये विज्ञापन जारी किया जावे जिसमें राजनीति विज्ञान के सह आचार्य पद हेतु निर्धारित योग्यता के साथ साथ गांधीयन स्टेडी में विशेषज्ञ अध्ययन को भी योग्यता में सम्मिलित किया जावे तथा आचार्य पद गांधी एवं शांति विषय में न करके माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया कि वे विश्वविद्यालय की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर अन्य किसी विषय में इस पद को विज्ञाप्ति करें।
उपरोक्त निर्णय के साथ कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न 70वीं एवं 71वीं बैठक के कार्यवाही विवरण एवं 70वीं बैठक के कार्यसूची विवरण का अनुमोदन किया गया।

72/02 दिनांक 13.06.07 को आयोजित वित्त समिति की 38 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण, आगामी वर्ष के लिए बजट प्रस्ताव एवं पिछले वित्तिय वर्ष की बैलेंस शीट्स आदि का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल की बैठक के दौरान प्रस्तुत किये गये वित्त समिति की 38 वीं बैठक दिनांक 13 जून 2008 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करते हुए कार्यवाही विवरण के साथ संलग्न वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वर्ष 2008–09 के बजट प्रस्ताव एवं वर्ष 2007–08 के संशोधित बजट अनुमान तथा वर्ष 2006–07 की सी0 ए0 आडिट रिपोर्ट (बैलेंस शीट्स) व बैलेंस शीट्स के अनुपालना प्रतिवेदन का भी अनुमोदन किया गया।

72/03 प्रो0 अनाम जेटली को योजना एवं विकास विभाग के निदेशक पद पर नियुक्ति के आदेश अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ।

कार्यालय आदेश क्रमांक 2259 दि0 11.06.08 के तहत प्रो0 जेटली की नियुक्ति रद्द करने के कारण प्रस्ताव को प्रबंध मंडल में रखा नहीं जाना माना गया।

72/04 निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र के पद हेतु गठित की जाने वाली चयन समिति में विशेषज्ञ की नियुक्ति के लिये पैनल अनुमोदनार्थ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अशैक्षणिक पदों के चयन के लिये गठित की जाने वाली चयन समिति में विशेषज्ञ सदस्य के मनोनयन हेतु विशेषज्ञों का पैनल पटल पर प्रस्तुत कर सदस्यों से अवलोकन करने हेतु अनुरोध किया गया, इस क्रम में

बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का यह मत रहा कि गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए पैनल का सदस्यों द्वारा अवलोकन किया जाना उचित नहीं है इसलिये माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रस्तुत पैनल को बिना अवलोकन किये अनुमोदित किया गया तथा अनुमोदित पैनल का लिफाफा माननीय कुलपति महोदय के पास ही सुरक्षित रखवाया गया।

72/05 बी0एफ0सी0 आयोजना भिन्न (नोन प्लान) वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 में समाप्त किये गये पदों के सम्बन्ध में जारी आदेश अवलोकनार्थ।

राज्य सरकार द्वारा पिछले दो वर्षो में बी0एफ0सी आयोजना भिन्न (नोन प्लान)में समाप्त घोषित किये गये पदों के सम्बन्ध में जारी विभिन्न पत्रों एवं इस क्रम में प्रस्तुत दोनों प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर समाप्त किये गये पदों के सम्बन्ध में सहमति व्यक्त करते हुए पद समाप्ति के औपचारिक आदेश जारी करने की अनुमति प्रदान की गई ।

72/06 विश्वविद्यालय में एस्टेट सैल के गठन का प्रस्ताव।

एस्टेट सैल के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए यह निर्णय किया गया कि प्रस्ताव में उल्लेखित पदों के सृजन के लिये राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किये जावे तथा राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग के आदेश के क्रम में कनिष्ठ .अभियंता के पद को अपग्रेड करवाने के लिये भी राज्य सरकार के साथ साथ आगामी बी0एफ0सी0 में भी प्रस्ताव प्रस्तुत किये जावें।

72/07 विश्वविद्यालय के क्षे0के0उदयपुर के भवन के रिनोवेशन कार्य के सम्बन्ध में प्रस्ताव निर्णयार्थ।

क्षे0के0उदयपुर के भवन रिनोवेशन के कार्य के प्रस्ताव पर कुलसचिव द्वारा भवन के स्वामित्व स्पष्टतः विश्वविद्यालय के पक्ष में नहीं होने के सम्बन्ध में प्रबंध मंडल को अवगत करवाया गया इसके उपरांत प्रबंध मंडल द्वारा संपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि 43.56 लाख रूपये के प्रस्तावित कार्य करवा लिये जावें।

72/08 सहायक लेखाधिकारी के पदों के सम्बन्ध में पूर्व बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव निर्णयार्थ।

कार्यसूची विवरण में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव के साथ संलग्न राज्य सरकार के दिनांक 06.06.07 के पत्र की ओर कुलसचिव द्वारा प्रबंध मंडल का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन किया कि उक्त पत्र में राज्य सरकार द्वारा गलत पदौन्नति के लिये सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किये जाने के साथ साथ सहायक लेखाधिकारी के पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिये प्रस्ताव मांगे गये है इसके उपरांत प्रबंध मंडल द्वारा कार्यसूची विवरण में प्रस्तावित बिंदुओं पर निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

1. राज्य सरकार से प्राप्त पत्र के क्रम में पुनः राज्य सरकार को पुर्नविचार करने का अनुरोध करते हुए उक्त पदों पर की गई पदौन्नति की कार्योत्तर स्वीकृति जारी करने के लिये पत्र प्रेषित किया जावे।

2. लेखा संवर्ग के कार्मिकों की पदौन्नति लेखा संवर्ग के पदौन्नति के पद स्वीकृत होने पर तथा मंत्रालयिक संवर्ग की पदौन्नति नियमानुसार की जावे ।
3. स्टेनो ग्रेड प्रथम (पी.ए.)का पद फिलहाल विश्वविद्यालय में स्वीकृत नहीं होने के कारण प्रस्ताव पर विचार नहीं किया गया।
4. उपरोक्त निर्णयों के कारण प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की गई।

72/09 जुलाई–93 में आयोजित बी0एड0परीक्षा के अंको की पुर्नगणना में हुई अनियमितता के क्रम में पूर्व बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव एवं इस सम्बन्ध में दो कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन अवलोकन एवं निर्णयार्थ।

प्रस्ताव का अवलोकन करने के बाद विचार विमर्श के दौरान यह महसूस किया गया कि प्रबंध मंडल की 34वीं बैठक के निर्णय के जिन बिंदुओं पर कार्यवाही की जानी शेष है उन समस्त बिंदुओ के सम्बन्ध में निर्णय करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

72/10 अवैतनिक अवकाश पर गये कार्मिकों की असाधरण अवकाश अवधि की गणना वेतन वृद्वि हेतु किये जाने बाबत् प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

प्रस्ताव एवं उसके साथ संलग्न परिशिष्टों का अवलोकन करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि जो कार्मिक राजस्थान में स्थित सरकारी विश्वविद्यालयों /राज्य सरकार के विभागों में प्रतिनियुक्ति पर असाधरण अवकाश स्वीकृत करवा कर गये थे उन्हें पुनः वि0वि0 में लौटने के बाद, उनके असाधरण अवकाश की अवधि को वेतन वृद्वि के प्रायोजनार्थ गणना में शामिल कर लिया जावे, किंतु उक्त कार्यवाही से पूर्व आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि उक्त असाधरण अवकाश अवधि के पेंशन अंशदान एवं अन्य अंशदान (यदि कोई हो तो) प्राप्त हो जाने चाहिये उसके बाद ही असाधरण अवकाश की अवधि को वेतन वृद्वि की गणना हेतु नियमित माना जावे यह भी निर्णय किया गया कि निजी विश्वविद्यालयों अथवा निजी विभागों में जाने वाले कार्मिकों पर उक्त निर्णय लागू नहीं किया जावे।

72/11 राजस्थान नालेज कार्पोरेशन में विनियोग के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8–4 के तहत किया गया निर्णय अनुमोदनार्थ।

राज्य सरकार द्वारा गठित किये जाने वाले कार्पोरेशन के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदस्यगणों को व्यापक जानकारी उपलब्ध करवाई एवं इससे विवि0को होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला गया इसके बाद प्रबंध मंडल द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8–4 के तहत की गई कार्यवाही का अवलोकन कर प्रस्तावित रेज्युलेशन का अनुमोदन किया गया।

72/12 महालेखाकार विशेष जांच प्रतिवेदन वर्ष 1995–96 द्वारा डिश एंटिना के परिवहन शुल्क के क्रम में लगाये गये आक्षेप के क्रम में कार्यत्तर स्वीकृति।

डिश एंटिना के सम्बन्ध में किये गये व्यय का अनुमोदन किया गया ।

72/13 वित्त समिति में प्रबंध मंडल के मनोनीत सदस्य के रूप में माननीय कुलपति महोदय द्वारा अधिनियम की धारा 8–4 में प्रद्वत शक्तियों के तहत की गई नियुक्ति सूचनार्थ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अधिनियम की धारा 8–4 के तहत वित्त समिति में श्री संजय कूलवाल की नियुक्ति की कार्यवाही को नोट किया गया।

टेबल ऐजेंडा

72/14–1 विश्वविद्यालय अधिनियम के स्टेच्युट्स 03 के तहत निदेशक पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण का प्रस्ताव।

प्रस्ताव को स्थगित किया गया।

72/14–2 स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में राज्य सरकार से प्राप्त विधान एवं उक्त विधान के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा तैयार विधान का अनुमोदन एवं उक्त योजना को लागु करने एवं उससे सम्बन्धित समस्त कार्यवाही निदेशक योजना एवं विकास विभाग के अधीन किये जाने का प्रस्ताव।

राज्य सरकार के विधान के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये विधान का अनुमोदन करते हुए प्रस्तावानुसार स्ववित्त पोषित योजना को लागू करने के लिये समस्त आवश्यक कार्यवाही हेतु निदेशक योजना एवं विकास विभाग द्वारा किये जाने का निर्णय किया गया।

72/14–3 विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8–4 के तहत प्रद्वत शक्तियों का उपयोग करते हुए ई0एम0पी0सी0 एवं स्ट्राईड विभाग में सहायक निदेशक के पदों के सृजन एवं उस पर की गई नियुक्ति के सम्बन्ध में जारी किये गये आदेश अवलोकनार्थ।

प्रबंध मंडल द्वारा जारी किये गये आदेशों का अवलोकन कर की गई कार्यवाही को नोट किया गया।

तत्पश्चात् आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त घोषित की गई।

कुलसचिव
एवं
सचिव, प्रबंध मंडल

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।

कार्यवाही विवरण

प्रबंध मंडल की 73वीं बैठक आज दिनांक 30 जुलाई 2008 को विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर पर आयोजित की गई बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :

1.	प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।	अध्यक्ष
2.	श्री दिनेश कुमार विशिष्ट शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर।	सदस्य
3.	प्रो0अतुल शर्मा 80 डी0डी0ए0 (एस0एफ0एस) फ्लैट्स, द्वारिका नई दिल्ली।	सदस्य
4.	प्रो0 श्रीमति मालाश्री लाल आचार्य, इंगलिश दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।	सदस्य
5.	प्रो0 पी0 के0 शर्मा आचार्य, प्रबंध वर्धमान महावीर खुला वि0वि0, कोटा।	सदस्य
6.	डा0 श्रीमति सुषमा सिंघवी निदेशक, क्षे0 के0 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, जयपुर।	सदस्य
7.	प्रो0 अनाम जेटली कुलसचिव वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।	सचिव

प्रमुख शासन सचिव वित्त विभाग एवं प्रो0 एस0 सी0 गर्ग की सहभागिता बैठक में संभव नहीं हो सकने की जानकारी के साथ आवश्यक गणापूर्ति के बाद माननीय कुलपति महोदय द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारंभ करने की घोषणा के साथ कार्यसूची विवरण में उल्लेखित बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए निम्नानुसार निर्णय किये गये:-

73/01 प्रबंध मंडल की 72 वीं बैठक दिनांक 14 जून 2008 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल द्वारा कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न प्रबंध मंडल की 72वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

73/02 प्रबंध मंडल की 72वीं बैठक के कार्यवाही विवरण के क्रम की गई अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल द्वारा 72वीं बैठक में किये गये निर्णयों के क्रम में अब तक की गई कार्यवाही का अवलोकन करते हुए निर्णयों के क्रम में हुई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त कर अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।

73/03 नव नियुक्त निदेशक क्षे0केन्द्र को राज्य सरकार द्वारा सह आचार्य हेतु निर्धारित वेतन के समान वेतन दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव का सिद्धान्ततः अनुमोदन कर निर्णय किया गया कि उक्त आशय से राज्य सरकार को अवगत कराया जावे।

73/04 विश्वविद्यालय द्वारा अनुकंपा नियमो के तहत की गई नियुक्तियों के आदेशों का अवलोकन।

प्रबंध मंडल द्वारा जारी किये गये आदेशों का अवलोकन कर नोट किया गया।

73/05 रिक्त शैक्षिक पदों के विषय परिवर्तन सम्बन्धी आदेश सूचनार्थ।

विश्वविद्यालय की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8/4 के तहत जारी किये गये आदेशों का अवलोकन कर नोट किया गया ।

73/06 उपरोक्त बिंदुओं पर विचार विमर्श के उपरांत माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबंध मंडल के सदस्यों को जानकारी दी गई कि दिनांक 28 जुलाई 2008 को निदेशक क्षे0के0 के तीन स्थाई पद व विज्ञापन में दिये गये विवरण के अनुसार अनारक्षित श्रेणी के निदेशक क्षे0के0 का एक अस्थाई पद (जो कि भविष्य में स्थाई होने की संभावना है।)एवं उपकुलसचिव व सहायक कुलसचिव के एक एक पद के लिये चयन समिति की बैठक आयोजित की गई थी, उक्त चयन समिति की अनुशंसऐं भी बंद लिफाफा में प्रबंध मंडल के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गई।

प्रबंध मंडल के समक्ष चयन समिति की अनुशंसायुक्त सील बंद लिफाफे खोले गये जिन पर प्रबंध मंडल ने चयन समिति की अनुशंसा अनुमोदन करते हुए निम्नानुसार नियुक्ति दिये जाने का अनुमोदन किया । साथ ही यह भी निर्णय किया गया कि अनारक्षित श्रेणी के तीन पदों में से चयन समिति की मैरिट के अनुसार अंतिम तीसरे पद के अभ्यार्थी की नियुक्ति लियन के विरूद्व की गई नियुक्ति को लीव वेकेन्सी मानी जाएगी :--

निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र:-

1.डा0 रमेश चन्द्र शर्मा — अनारक्षित वर्ग

2. डा0 नगेन्द्र कुमार — अनारक्षित वर्ग

3 डा0 पुष्पा सांखला

अनारक्षित वर्ग ~~अनारक्षित~~
लियन के विरूद्ध नियुक्ति

अन्य पिछड़ा वर्ग में निदेशक क्षे0के0 के पद पर किसी भी उम्मीदवार को पात्र नहीं पाये जाने के कारण पद को पुनः विज्ञापित करने का निर्णय किया गया।

निम्नलिखित अभ्यार्थीयों को मैरिट क्रम में प्रतिक्षा सूची में रखे जाने का अनुमोदन किया गया । किसी अभ्यार्थी द्वारा कार्यग्रहण नहीं किये जाने पर मैरिट के अनुसार नियुक्ति दिये जाने का भी अनुमोदन किया गया :-

1. डा0 आशिष व्यास

2. डा0 अनिल कुमार क्षोत्रिय

उपकुलसचिव के पद हेतु चयन समिति की अनुशंसा के क्रम में श्री **डा0 मोहम्मद अख्तार खान** को नियुक्ति दिये जाने का अनुमोदन किया गया। निम्नलिखित अभ्यार्थी को मैरिट क्रम में प्रतिक्षा सूची में रखे जाने का अनुमोदन किया गया । अभ्यार्थी द्वारा कार्यग्रहण नहीं किये जाने पर मैरिट के अनुसार नियुक्ति दिये जाने का भी अनुमोदन किया गया :-

1. डा0 गुलाब नबी

सहायक कुलसचिव के पद हेतु चयन समिति की अनुशंसा के क्रम में **श्री हेमराज मेहता** को नियुक्ति दिये जाने का अनुमोदन किया गया। निम्नलिखित अभ्यार्थी को मैरिट क्रम में प्रतिक्षा सूची में रखे जाने का अनुमोदन किया गया । अभ्यार्थी द्वारा कार्यग्रहण नहीं किये जाने पर मैरिट के अनुसार नियुक्ति दिये जाने का भी अनुमोदन किया गया :-

1. श्री विपिन कुमार द्विवेदी

उपरोक्त निर्णयों के बाद बैठक आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापि करने के साथ समाप्त घोषित की गई।

कुलसचिव
एवं सचिव, प्रबंध मंडल
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

(पा० —1)

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

प्रबंध मंडल की 74 वी बैठक
दिनांक 01 अगस्त 2009 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 01 अगस्त 2009 को प्रबंध मंडल की 74 वीं बैठक विश्वविद्यालय के जयपुर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र पर आयोजित की गई, बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:—

1.	प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	अध्यक्ष
2.	श्री तपेश पंवार प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग राज0 सरकार,जयपुर।	सदस्य
3.	प्रो0 अतुल शर्मा सदस्य,वित्त आयोग भारत सरकार,नई दिल्ली।	सदस्य
4.	प्रो0 डी0के0चोधरी समकुलपति, इंदिरा गांधी रा0मु0वि0वि0,नई दिल्ली	सदस्य
5.	प्रो0 श्रीमति मालाश्री लाल डिपार्टमेंट आफ इंगलिश दिल्ली विश्वविद्यालय(साउथ कैंपस)दिल्ली।	सदस्य
6.	प्रो0 अनाम जेटली आचार्य, राज0विज्ञान वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य
7.	डा0 श्रीमति सुषमा सिंघवी निदेशक,क्षे0के0 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय जयपुर।	सदस्य
8.	श्री बी0एल0अधिकारी कुलसचिव, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सचिव

REGISTRAR
Vardhaman Mahaveer Open University
KOTA

बैठक प्रारंभ करते हुए माननीय कुलपति महोदय द्वारा उपस्थित नवीन सदस्यों श्री तपेश पंवार ,प्रो0 डी0के0चौधरी एवं कुलसचिव का स्वागत करते हुए समस्त सदस्यों का परिचय करवाया गया तथा प्रबंध मंडल के पूर्व सदस्य के रूप में प्रो0 एस0सी0 गर्ग , के सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रबंध मंडल की बैठक इतने लंबे अंतराल बाद आयोजित होने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए सदन को अवगत करवाया कि सितंबर 2008 में आयोजित बैठक राज्य सरकार के निर्देश के कारण स्थगित कर दी गई थी एवं उसके बाद राज्य में लोकसभा एवं विधान सभा के चुनावों के कारण प्रबंध मंडल की बैठक इतने लंबे अंतराल बाद आयोजित की जा रही है। अब राज्य सरकार से बैठक आयोजित करने की अनुमति प्राप्त हो गई है,जिसके कम में आज की बैठक आयोजित की जा रही है।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदन को अवगत करवाया कि उनका तीन वर्ष का कार्यकाल आगामी अक्टूबर माह में पूर्ण हाने जा रहा है,पिछले तीन वर्षो में उनके द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी में सदन को अवगत करवाया गया कि मेरी नियुक्ति के बाद जब मैंनें महामहिम कुलाधिपति महोदय से भेंट की तो उन्होंने कहा था कि ओपन युनिर्वसिटी में कुछ अच्छे कार्य किये जाय एवं विशेष योजना बनाई जावे जिससे विद्यार्थियों को लाभ हो, आज मुझे यह कहते हुए गर्व है कि पिछले तीन वर्षो में विद्यार्थीयों की संख्या 16000 से बढकर 94000 हो गई है,विश्वविद्यालय के 120 अध्ययन केन्द्र स्वीकृत है तथा भविष्य में भरतपुर संभाग में क्षेत्रीय केन्द्र खोले जाने के प्रस्ताव राज्य सरकार के समक्ष विचाराधीन है,इस दौरान न केवल विद्यार्थीयों की संख्या में ही इजाफा हुआ है बल्कि विश्वविद्यालय की आय में भी उल्लेखनीय वृद्वि हुई है,आज विश्वविद्यालय की वार्षिक आय लगभग 15 करोड़ रूपये है जब कि राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को 3.5 करोड़ रूपये का ही अनुदान आयोजना भिन्न मद में दिया जा रहा है, माननीय सदस्य प्रो0 अतुल शर्मा एवं प्रो0 डी0 के0 चौधरी द्वारा पिछले वर्ष की छात्र संख्या 43000 से इस वर्ष छात्रों की संख्या 90000 हो जाने पर छात्र संख्या में इतनी अधिक वृद्वि का कारण जानने पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि राजस्थान नालेज कार्पोरेश एवं राजस्थान मिशन आफ लीवलीहुड जैसी संस्थाओं के साथ एम0 ओ0 यु0 होने के कारण इन संस्थाओं में पंजिकृत विद्यार्थीयों की परीक्षा भी इस विश्वविद्यालय द्वारा ही ली जा रही है।

उक्त जानकारी के उपरांत आवश्यक गणापूर्ति बाद बैठक विधिवत प्रारंभ करने के निर्देश के साथ कुलसचिव द्वारा कार्यसूचित विवरण में उल्लेखित बिंदुओं को कमानुसार सदन के पटल पर प्रस्तुत किया गया तथा सदन द्वारा बाद विचारविमर्श निम्नानुसार निर्णय किये गये:-

74/01 प्रबंध मंडल की 73 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल द्वारा दिनांक 30 जुलाई 2008 को आयोजित प्रबंध मंडल की 73 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

REGISTRAR
Vardhaman Mahaveer Open University
KOTA

74/02 प्रबंध मंडल की 73वीं बैठक दिनांक 30 जुलाई 2008 के निर्णयों का अनुपालना प्रतिवेदन अवलोकनार्थ।

73 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की गई कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार बाद चर्चा अनुमोदन किया गया :-

अनुपालना प्रतिवेदन

निर्णय संख्या	निर्णय का संक्षेप विवरण	की गई कार्यवाही
73/01	प्रबंध मंडल की 72 वीं बैठक दिनांक 14 जून 2008 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।	कोई कार्यवाही आपेक्षित नहीं है।
73/02	प्रबंध मंडल की 72 वीं बैठक के निर्णयों के कम में अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन।	कोई कार्यवाही आपेक्षित नहीं है।
73/04	नवनियुक्त निदेशक क्षे0के0 को राज्य सरकार द्वारा सह आचार्य हेतु निर्धारित वेतन के समान वेतन दिये जाने का सिद्धान्ततः अनुमोदन एवं राज्य सरकार को निर्णय से अवगत करवाये जाने का निर्णय।	राज्य सरकार को निर्णय से अवगत करवा दिया गया है, किंतु राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है।
73/05	रिक्त शैक्षिक पदों के विषय परिवर्तन की सूचना का अनुमोदन।	विषय परिवर्तन के निर्णय की राज्य सरकार द्वारा पुष्टि कर दी गई है।
